राजस्थान सरकार

कार्यालय संयोजक एवं प्रधानाचार्य राजकीय रामचन्द्र खेतान पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, जयपुर

क्रमांकः– खेपॉज / केन्द्रीय प्रवेश / 2022–23 / 4780 दिनांकः– 15/9/2022

प्रधानाचार्य,
समस्त राजकीय एंव निजी पॉलिटेक्निक संस्थान।
(पार्श्व प्रवेश) 2022–23

विषयः– संस्थान स्तर पर द्वितीय वर्ष में Direct Admission (Lateral Entry) हेतु दिशा निर्देश ।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि द्वितीय वर्ष (पार्श्व प्रवेश) 2022–23 के अन्तर्गत **संस्थान स्तर पर** सीधे द्वितीय वर्ष Direct Admission(Lateral Entry) में प्रवेश हेतु दिशा निर्देश निम्नानुसार हैः

1. इन्टरनल स्लाईडिंग व ब्रांच परिवर्तन के पश्चात् ब्रांचवार प्रेषित प्रवेश सूची में प्रतिदिन श्रेणीवार रिक्त रहे स्थानों की गणना उपरान्त उन्हें श्रेणी की मेरिट से भरा जावे। यह प्रक्रिया सीधे प्रवेश के अंतिम दिवस तक अपनाई जानी है। अंतिम दिवस को श्रेणी की रिक्त रही सीटों पर आवेदकों की सामान्य मेरिट सूची बनाकर प्रवेश किये जायेंगें।
2. संस्थान में प्रथम वर्ष के परीक्षा परिणाम में Not Promoted संवर्ग के स्थानों को रिक्त नहीं माना जावें।
3. प्रवेश कार्य दिनांक 16.09.2022 से दिनांक 20.09.2022 तक(रविवार के अतिरिक्त) निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रहेगा।
4. निदेशालय से प्राप्त निर्देशानुसार संस्थानों द्वारा संस्थान स्तर पर प्रवेश पूर्ण करने हेतु प्रयास किये जावें। इस हेतु अपने स्तर पर आपकी संस्थान में केन्द्रीय प्रवेश प्रक्रिया में रिपोर्टेड आवेदकों व नाम कटवाने वाले छात्रों की सूचना प्रतिदिन के आधार पर ब्रांचवार एंव श्रेणीवार रिक्त स्थानों की गणना करना है। प्रवेश हेतु स्थानीय समाचार पत्रों में प्रेस–नोट (समाचार) जनहित में जारी की जावें।
5. संस्थान नोटिस बोर्ड पर भी प्रतिदिन रिक्त स्थानों की सूचना एवं विज्ञप्ति प्रदर्शित की जावें। आवेदन शुल्क नकद से जमा करने हेतु आवश्यक व्यवस्था की जावें तथा अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु उचित दिशा–दर्शक चिन्ह प्रिन्टआउट से प्रदर्शित किये जावें।
6. प्रवेश प्रकिया में प्रतिदिन दोपहर 12.00 बजे तक प्राप्त आवेदनो के आधार पर दोपहर 1.00 बजे तक श्रेणीवार अंतिम मेरिट सूचियां नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जावें एंव उसी दिन दोपहर 02.00 बजे से सीट आवंटन सम्बन्धी कार्य किया जावें।
7. प्रवेश उपरान्त दिनांक **23.09.2022 से 27.09.2022** तक समस्त निजी एवं राजकीय कॉलेज अन्तरिम प्रवेश सूचियां (provisional) एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु तथा रूप्ये 300/– प्रति आवेदक निर्धारित बैंक एकाउण्ट में जमा कराने की रसीद के साथ सम्बन्धित नोडल सेन्टर पर उपस्थित होगें। नोडल सेन्टर एवं संयोजक केन्द्रीय पार्श्व प्रवेश कार्यालय, जयपुर द्वारा प्रवेश अनुमोदन के बिना प्रवेश अन्तरिम ही रहेगा।
8. Bank Details – Savings Account No- 98150100006062, Name of Bank-Bank of Baroda, Branch Name- IDS EXT COUNTER, Jaipur-302004, IFSC Code-BARB0EXTNEH in favour of Principal and Coordinator Lateral Entry Govt R.

भवदीय,

संयोजक (पार्श्व प्रवेश) 2022–23
राज0 रामचन्द्र खेतान पॉलि0 महाविद्यालय,
जयपुर

क्रमांकः– खेपॉज / पार्श्व प्रवेश / 2022–23 / 4781–85 दिनांकः 15/09/2022

प्रतिलिपिः–निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है–

1. निदेशक,तकनीकी शिक्षा, प्रा. शि. नि. राज. जोधपुर।
2. सह संयोजक पार्श्व प्रवेश 2022–23।
3. प्रवेश प्रभारी को भेजकर लेख है कि उक्त पत्र मेल करावें एवं आवश्यक सूचनाओं के प्रपत्र भी संलग्न करावें।
4. लेखा शाखा।
5. समस्त प्रधानाचार्य राजकीय एवं निजी पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों को मेल भेजकर लेख है कि उपरोक्तानुसार समयबद्ध कार्यवाही करें।

संयोजक एवं प्रधानाचार्य

Scanned by CamScanner